1001. चारचौमा का शिवमंदिर किस जिले में अवस्थित है?
(a) झालावाड़ (b) कोटा
(c) बूंदी (d) टोंक

कनिष्ठ लिपिक अभियन्ता 18-05-2022
वन-रक्षक-2022 11/12/2022
RPSC Lecturer 31/10/2018

Ans. (b) : चारचोमा के शिवमंदिर का निर्माण सोलंकी राजा ने कराया था। यह कोटा जिले के लाडपुरा तहसील में स्थित है। यह मंदिर शैव सम्प्रदाय का है। मंदिर का निर्माण नागर शैली की वास्तुकला में किया गया है।

1002. ओसियां के मंदिर समूह किस वंश की देन है?
(a) राठौर वंश (b) गुहिल वंश
(c) चावड़ा वंश (d) प्रतिहार वंश

RPSC Kanishta Abhiyanta (Y.V.) 20-05-2022, Shift-II

Ans. (d) : ओसियां (जोधपुर) के मंदिर समूह प्रतिहार वंश की देन है। ओसियां कस्बे में कुल 16 मंदिर है जो 8वीं से 11वीं शताब्दी के हैं, यहाँ के सूर्य मंदिर एवं जैन मंदिर दर्शनीय है। मुख्य रूप से 24वे तीर्थकर महावीर स्वामी का मंदिर है, जिसका निर्माण 8वीं शताब्दी में प्रतिहार शासक वत्सराज द्वारा कराया गया था। ओसियाँ को राजस्थान का खजुराहों कहा जाता है। यहाँ पर सच्चिया माता मंदिर, सूर्य मंदिर , हरिहर मंदिर स्थित है।

1003. सच्चिया माता मन्दिर, सूर्य मंदिर, हरिहर मंदिर कहाँ स्थित है?
(a) चित्तौड़गढ़ (b) ओसियाँ
(c) आभानेरी (d) आउवा

Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

1004. ओसियां के जैन मन्दिर किस जिले में स्थित हैं?
(a) जयपुर (b) जैसलमेर
(c) बाड़मेर (d) जोधपुर

RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2015

Ans. (d) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

1005. जोधपुर के निकट ओसियां में मंदिरों का समूह जिसकी देन है, वे हैं-
(a) राठौड़ (b) गुहिलोता
(c) चौहान (d) प्रतिहार
उत्तर : (d)

व्याख्या- उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

1006. राजस्थान के केशवरायपाटन स्थित प्रसिद्ध हिन्दू केशव मंदिर किस देवता को समर्पित है?
(a) भगवान कृष्ण (b) भगवान विष्णु
(c) भगवान राम (d) भगवान शिव

RPSC Kanishta Abhiyanta (Y.V.) 20-05-2022, Shift-II

Ans. (b) : केशवराय पाटन (राजस्थान) स्थित हिन्दू केशव मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है। केशवराय मंदिर राजस्थान के कोटा शहर के पास केशवरायपाटन में चंबल नदी पर स्थित है। 1641 ई. में बूंदी के राव राजा छत्तर साल इस मंदिर का निर्माण करवाया गया था। यह राजस्थान के सबसे पुराने मंदिरों में से एक है।

1007. जयपुर गलता तीर्थ पर स्थित मंदिर किस देवता को समर्पित है?
(a) श्री राम (b) श्री कृष्ण
(c) अग्नि (d) सूर्य

RPSC-2011

Ans. (d) : राजस्थान के जयपुर में स्थित गलता तीर्थ/मंदिर सूर्यदेव को समर्पित है। यह मंदिर अरावली पहाड़ी की चोटी पर स्थित है। इसे सूर्यमंदिर के नाम से भी जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि गलताजी कुंड में उपचारात्मक शक्तियाँ हैं गलताजी मंदिर पूर्व ऐतिहासिक तीर्थ स्थल के रूप में जाना जाता है।

1008. आबू के प्रसिद्ध मंदिर- विमल-वसही और लूण-वसही है
(a) वैष्णव मंदिर (b) शैव मंदिर
(c) बौद्ध मंदिर (d) जैन मंदिर

RPSC-2011

Ans. (d) : माउंट आबू के प्रसिद्ध मंदिर विमल वसही (सबसे प्राचीन) तथा लूण वसही दिलवाड़ा जैन मंदिरों का हिस्सा है। विमल वसाही मंदिर जैन धर्म के प्रथम तीर्थकर आदिनाथ को समर्पित है। जबकि लूण वसही मंदिर नेमिनाथ (22वाँ तीर्थकर) को समर्पित है। यह मंदिर दिलवाड़ा में निर्मित है जो विमल शाह द्वारा बनवाया गया।

1009. दिलवाड़ा स्थित प्रसिद्ध तेजपाल मंदिर अथवा लून वसही मंदिर किस तीर्थंकर को समर्पित है?
(a) आदिनाथजी (b) पार्श्वनाथजी
(c) नेमिनाथजी (d) महावीर स्वामी

RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

1010. विमल व लून वसही मंदिर निम्न में से किस स्थान पर बनाए गए थे?
(a) देलवाड़ा (b) झालाना
(c) चित्तौड़गढ़ (d) भीलवाड़ा

Udyog Nirikshak Exam (Code-38)-2018

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

1011. विमल शाह द्वारा बनवाया गया प्रसिद्ध जैन मंदिर कहाँ स्थित है?
(a) ओसियाँ (b) पाली
(c) देलवाड़ा (d) रणकपुर

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (सीरम)-2019
कनिष्ठ अनुदेशक (वेल्डर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (c) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

1012. देलवाड़ा के किस मन्दिर में धातु निर्मित आदिनाथ की मूर्ति है, जिसका वजन 108 मण है?
(a) आदिनाथ का मन्दिर
(b) नेमिनाथ का मन्दिर
(c) भीमाशाह का मन्दिर
(d) शान्तिनाथ का दिगंबर जैन मन्दिर

कनिष्ठ अनुदेशक (मैकनिक रेफ्रिजरेशन) 2018

Ans. (a) – देलवाड़ा स्थित आदिनाथ का मंदिर सोलंकी शासन भीमशाह प्रथम के मंत्री विमल ने बनवाया था। प्रथम तीर्थंकर ऋषभ देव आदिनाथ को समर्पित इस मंदिर में आदिनाथ का प्रतिमा 108 मण वजन की है। इसे पित्तलहार मंदिर भी कहा जाता है।

1013. दिलवाड़ा मन्दिरों के समूह में --------मन्दिर है।
(a) चार (b) पाँच
(c) छः (d) सात

Economic Investigator (उद्योग विभाग) -2018
(Exam Dt. 25 March 2019)